प्रगति Insights

वॉल्यूम 20 अंक 2 जुलाई–सितम्बर 2024

## एमडी डेस्क



वित्तीय वर्ष 2023–24 के लेखापरीक्षित आंकड़ों को अंतिम रूप दे दिया गया है और मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि कंपनी ने सितंबर 2024 में आयोजित बोर्ड मीटिंग में लिए गए निर्णयों के अनुसार 3.16 करोड़ रुपये का लाभ घोषित किया है। टर्नओवर 185.88 करोड़ रुपये रहा जो पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 54% अधिक है।

वित्त वर्ष 2024–25 की दूसरी तिमाही में व्यावसायिक गतिविधियों के अलावा, तिमाही के दौरान कंपनी में स्वच्छता ही सेवा अभियान, एक पेड़ माँ के नाम अभियान, हिंदी पखवाड़ा जैसे बहुत महत्वपूर्ण सरकारी कार्यक्रम अत्यंत उत्साह और कर्मचारियों द्वारा बड़ी भागीदारी के साथ मनाए गए।

रील की देशभर में पहुँच को और मजबूत बनाने के लिए कई स्थानों पर दौरे भी किये गए और रील का प्रस्तुतीकरण दिया गया ताकि भविष्य में जल्दी ही नए व्यापार के अवसर प्राप्त हों। कंपनी ने सोलर एवं डेरी क्षेत्र में एक्सपो में भाग लिया।

ग्राहकों, विक्रेताओं, कर्मचारियों और शेयरधारकों सहित हमारे सभी हितधारकों को मेरा हार्दिक धन्यवाद, जिन्होंने हमेशा अपना निरंतर समर्थन प्रदान किया है। हम इस वर्ष के लिए बेहतर करने और लक्ष्य हासिल करने के लिए तैयार हैं।

### गतिविधियों का सार


- एमडी रील की गणमान्य व्यक्तियों के साथ भेंट
- व्यापार प्रमुखताएं
- सहभागिता
- स्टाफ गतिविधियां
- नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (उपक्रम) जयपुर की बैठक


## एमडी रील की गणमान्य व्यक्तियों के साथ भेंट

### माननीय भारी उद्योग एवं इस्पात मंत्री, भारत सरकार



रील के प्रबंध निदेशक डॉ. पी. एन. शर्मा ने 07.08.2024 को माननीय भारी उद्योग एवं इस्पात मंत्री, भारत सरकार, श्री एच डी कुमारस्वामी से शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने कंपनी के व्यावसायिक क्षेत्रों के अलावा रील की विविधीकरण योजना के बारे में भी उन्हें जानकारी दी।

### कैबिनेट मंत्री, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भू–जल विभाग, राजस्थान



एमडी रील, डॉ. पी. एन. शर्मा ने 02.09.2024 को कैबिनेट मंत्री, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भू–जल विभाग, राजस्थान सरकार, श्री कन्हैयालाल चौधरी से मुलाकात की। उन्होंने मंत्री महोदय को कंपनी के व्यावसायिक क्षेत्रों के बारे में जानकारी दी और PHED कार्यालयों एवम पंपिंग स्टेशनो पर रूफटॉप सोलर की स्थापना, आईटी परियोजनाएं जिसमें IoT based water Quality and Quantity monitoring systems एवं Ultrasonic Smart Water Meters इत्यादि पर चर्चा की।

### कैबिनेट मंत्री, संसदीय कार्य और न्याय विभाग, एवं विधानसभा अध्यक्ष, राजस्थान





एम डी रील, डॉ. पी.एन. शर्मा ने 22.08.2024 को संसदीय कार्य और न्याय विभाग के कैबिनेट मंत्री श्री जोगाराम पटेल एवं विधानसभा अध्यक्ष, श्री वासुदेव देवनानी जी से मुलाकात की। उन्होंने मंत्री एवं अध्यक्ष महोदय को कंपनी के व्यावसायिक क्षेत्रों के बारे में जानकारी दी और विधायक आवासों, विधानसभा परिसर एवं सरकारी प्रतिष्ठानों पर रूफटॉप सोलर की स्थापना एवं राजस्थान में आईटी परियोजनाएं आदि पर चर्चा की।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार एवं भारी उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार से प्राप्त दिशा निर्देशों के तहत कम्पनी परिसर में दिनांक 14 सितम्बर 2024 से 2 अक्टूबर 2024 तक "**स्वच्छता ही सेवा अभियान**" (**Swachhata Hi Seva Abhiyan**) चलाया गया। इस दौरान निम्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया :

1. स्वच्छता शपथ
2. बैनर एवं पोस्टर्स का प्रदर्शन
3. स्वच्छता जागरूकता कार्यशाला
4. स्वास्थ्य जाँच शिविर
5. नारा प्रतियोगिता
6. श्रमदान कार्यक्रम
7. पौधारोपण

रील द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत की गई विभिन्न गतिविधियों की झलक



## व्यापार प्रमुखताएं

### डेयरी इलेक्ट्रॉनिक्स

डेयरी क्षेत्र में, तिमाही के दौरान कंपनी को देश भर की विभिन्न दुग्ध सहकारी समितियों/संघों से एएमसीयू, एडीपीएमसीयू, ईएमटी, मिल्क एनालाइजर, के अच्छे ऑर्डर मिले हैं।

कंपनी पारदर्शी प्रणाली, ऑटोमैटिक मिल्क कलेक्शन यूनिट (AMCUs) के माध्यम से नियमित रूप से दूध उत्पादकों का विश्वास हासिल कर रही है, जिसके परिणामस्वरूप दूध की खरीद में वृद्धि हो रही है। तिमाही के दौरान उत्तरी और राजस्थान क्षेत्र से 42 AMCUs के ऑर्डर प्राप्त हुए हैं।

कंपनी ने दूध संग्रहण प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने के प्रयास जारी रखे और उत्तरी और राजस्थान क्षेत्र से 83 एडवांस डेटा प्रोसेसर मिल्क कलेक्शन यूनिट (एडीपीएमसीयू) के ऑर्डर प्राप्त किए। एडीपीएमसीयू एक स्मार्ट बहुमुखी समाधान है जो संचार और प्रसंस्करण के लिए वांछित प्रारूपों में विभिन्न रिपोर्ट तैयार करने के लिए डेटा प्राप्त करता है, संग्रहीत करता है और संसाधित करता है।

इसके अलावा, मध्य, पूर्वी, गुजरात, उत्तरी, राजस्थान, दक्षिणी क्षेत्र से 127 इलेक्ट्रॉनिक मिल्क टेस्टर और मध्य, उत्तरी, गुजरात, राजस्थान दक्षिणी क्षेत्र से 717 मिल्क एनालाइजर के ऑर्डर मिले। इस प्रकार रील अपने इन सिस्टम्स के माध्यम से निरंतर किसानों को सशक्त बनातीआयी है एवं डेयरी क्षेत्र में बदलाव लाने के लिए समर्पित हैं।



हिमाचल प्रदेश मिल्कफेड, शिमला के अंतर्गत सोसायटी मझोली टिपर समिति में दूध संग्रह

### डीजीटाईजेशन-अन्य पहल- आईटी

तिमाही के दौरान, आईटी टीम द्वारा विभिन्न परियोजनाओं में सफलतापूर्वक सेवाएँ प्रदान की गईं। राज्य निर्वाचन आयोग राजस्थान के लिए स्टेट लेवल एजेंसी (SLA) के रूप में, राजस्थान राज्य के पंचायत राज चुनाव/शहरी स्थानीय निकायों के दौरान चुनाव सांख्यिकीय जानकारी के प्रबंधन के लिए सॉफ्टवेयर समाधान प्रदान किया गया है, जैसे कि उम्मीदवार का नामांकन, मतदान प्रतिशत, सितंबर–2024 में आयोजित शहरी स्थानीय निकाय (यूएलबी) उपचुनाव में विजेता/उपविजेता उम्मीदवार आदि।

कंपनी द्वारा गोपालन निदेशालय के लिए एकीकृत ऑनलाइन वेब आधारित एप्लिकेशन के लिए वार्षिक तकनीकी सहायता (एटीएस) सफलतापूर्वक पूरी हुई, जिसमें राजस्थान राज्य की सभी 4052 गौशालाओं के लिए सहायता प्रबंधन के लिए वेब सर्वर प्रबंधन, डेटाबेस प्रबंधन और एप्लिकेशन रखरखाव शामिल है।



**गोपालन निदेशालय के इंटीग्रेटेड ऑनलाइन वेब बेस्ड एप्लीकेशन**

तिमाही के दौरान, आईटी प्रभाग ने इन–हाउस विकसित ऑनलाइन ऍप्लिकेशन्स के लिए लगातार सहायता सेवाएं प्रदान कीं, जो काफी हद तक डिजिटल और कागज रहित होने में मदद कर रही है और हितधारकों और उपयोगकर्ताओं के बीच पारदर्शिता भी ला रही है।

## ग्राहक प्रशिक्षण कार्यक्रम

परियोजनाओं को सफलतापूर्वक चलाने के लिए नियमित कौशल की आवश्यकता होती है और आरईआईएल नियमित आधार पर इसका ध्यान रखती आयी है। इस तिमाही में, कंपनी ने 1404 क्षेत्रीय कर्मचारियों और दुग्ध समिति सचिवों को प्रशिक्षित किया है, जिससे 300 से अधिक गांवों को लाभ हुआ है। लोग इन प्रशिक्षणों के माध्यम से आरईआईएल के उत्पादों को संचालित करने के बारे में अच्छी तरह से जानते हैं, इसलिए वे आश्वस्त हैं और उन्हें बेहतर आजीविका के अवसर मिल रहे हैं।

## अक्षय ऊर्जा

तिमाही के दौरान, रील ने विभिन्न सीपीएसई/विभागों जैसे गेल (इंडिया) लिमिटेड, गुयाना एनर्जी एजेंसी, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद (आरसीएसई, राजस्थान सरकार), पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन, एसईडब्ल्यूए – टीएचडीसी, एआईएस रेजीडेंसी के तहत परियोजनाएं प्राप्त/निष्पादित की हैं।

गुयाना के पिछले निर्यात आदेश के सफल निष्पादन के बाद, गुयाना ऊर्जा एजेंसी से गुयाना देश के हिंटरलैंड समुदायों के लिए 6030 एसपीवी घरेलू ऊर्जा सिस्टम और 700 सौर चार्ज कंट्रोलर के लिए चरण–2 में एक प्रतिष्ठित निर्यात आदेश प्राप्त हुआ है।

तिमाही के दौरान, सेवा टीएचडीसी की सीएसआर गतिविधि के तहत, आरईआईएल को उत्तर प्रदेश के प्रभावित गांवों में स्थापना के लिए 1086 एसपीवी एलईडी स्ट्रीट लाइट का ऑर्डर मिला।

कंपनी उन सभी क्षेत्रों तक पहुंचने के लिए नियमित प्रयास कर रही है, जहां सौर ऊर्जा को अपनाया जा सकता है। हाल ही में एआईएस रेजीडेंसी, जयपुर से कुल 150 kWp एसपीवी पावर प्लांट्स की स्थापना के लिए ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी से एक ऑर्डर प्राप्त हुआ।

कंपनी प्रधानमंत्री सौर घर मुफ्त बिजली योजना के तहत भी नियंतर प्रयास कर रही है और ग्रिड–कनेक्टेड एसपीवी पावर प्लांट के लिए ऑर्डर प्राप्त कर रही है।



**पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत जयपुर ( राजस्थान ) में आवासीय घर में एसपीवी पावर प्लांट स्थापित किया गया**

कंपनी को हाल ही में शिक्षा विभाग, GOR से राजस्थान में PM SHRI सरकारी स्कूलों के सौरकरण के लिए कार्य आदेश प्राप्त हुआ है। इस संबंध में, REIL के MD डॉ. पी. एन. शर्मा ने 18.08.2024 को सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल (PM SHRI स्कूल) केला देवी, करौली का दौरा किया। उनकी उपस्थिति में सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना का कार्य शुरू किया गया है।




**दौरेके दौरान एमडी रील**




**पीएम श्री सरकारी स्कूल, जयपुर ( राजस्थान ) में एसपीवी पावर प्लांट**

देश भर में ईएसआईसी (ESIC) के विभिन्न अस्पतालोंध्मेडिकल कॉलेजों में रूफ टॉप सोलर पावर प्लांट परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए ईएसआईसी और आरईआईएल के बीच 12.09.2024 को नई दिल्ली में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। एमओयू पर लेफ्टिनेंट कर्नल एसएस मंडल, मुख्य अभियंता, ईएसआईसी और श्री दीपक गुप्ता, अतिरिक्त महाप्रबंधक (रील) द्वारा हस्ताक्षर किए गए।



## न्यू -प्रोजेक्ट्स

रीको औद्योगिक क्षेत्रों के लिए भू–स्थानिक ड्रोन सर्वेक्षण और विकास, कार्यान्वयन और रखरखाव के लिए ड्रोन परियोजना के तहत, तिमाही (जुलाई 2024 – सितंबर 2024) के दौरान, एंटरप्राइज जीआईएस एप्लिकेशन का उपयोगकर्ता स्वीकृति परीक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया गया। साथ ही, सार्वजनिक डोमेन में एंटरप्राइज जीआईएस एप्लिकेशन के गो–लाइव द्वारा परियोजना में एक प्रमुख उपलब्धि हासिल की गई है।

अब तक, समग्र परियोजना में, 393 रीको औद्योगिक क्षेत्रों के लिए ड्रोन सर्वेक्षण (ड्रोन उड़ाना और रॉ डेटा और चित्र एकत्र करना) और 48633.2 हेक्टेयर क्षेत्र के ड्रोन सर्वेक्षण के साथ 1165 नंबरों के ग्राउंड कंट्रोल पॉइंट्स और स्मारकों की स्थापना का काम पूरा कर 393 रीको औद्योगिक क्षेत्रों के लिए जीआईएस योजनाएं बनाई गईं। विभिन्न चरणों में जीआईएस अनुप्रयोगों का प्रदर्शन रीको अधिकारियों को दिया गया है।

ईवीसीएस (EV Charging Stations) के लिए एनडीएमसी (NMDC) दिल्ली के आदेश के अनुसार, सीपीओ ने पिन पॉइंट स्थान की पहचान के लिए साइटों का सर्वेक्षण कर लिया गया है। चार्जर्स के लिए बिजली कनेक्शन लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया के साथ–साथ अन्य कार्य प्रगति पर है।

## व्यापार के अवसरों के लिए प्रबंध निदेशक, रील ने विभिन्न स्थानों का दौरा किया

### प्रबंध निदेशक, रील ने व्यावसायिक अवसरों पर चर्चा के लिए MHI द्वारा पूर्वोत्तर में आयोजित बैठक में भाग लिया

पूर्वोत्तर राज्यों में REIL, EPIL, CCI और B&R CPSEs के लिए प्रासंगिक क्षेत्रों में व्यवसाय की संभावनाओं हेतु MHI द्वारा दीमापुर, गुवाहाटी में बैठक आयोजित की गई। बैठक माननीय मंत्री भारी उद्योग एवं इस्पात और माननीय CM, नागालैंड की अध्यक्षता में आयोजित की गई। MD, REIL ने पूर्वोत्तर राज्य में कंपनी द्वारा पहले से किए गए कार्यों को प्रस्तुत किया और सोलर, ड्रोन, स्मार्ट क्लासरूम, IT/ITes, CCTV, EV और डेयरी इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने जैसे व्यावसायिक क्षेत्रों में उत्तर पूर्व में काम करने के लिए कंपनी के अवसरों और इच्छा को साझा किया।



बाएं से दाएं: सबसे बाएं माननीय मंत्री भारी उद्योग एवं इस्पात, माननीय CM नागालैंड, CMD CCI, MD REIL, CMD B & R, MHI के निजी सचिव

### प्रबंध निदेशक, रीलने व्यावसायिक अवसरों पर चर्चा के लिए बैंगलोर में आर्टपार्कका दौरा किया

रील के एमडी डॉ. पी.एन. शर्मा ने 26.08.2024 को बैंगलोर में आर्टपार्क का दौरा किया, जिसे भारतीय विज्ञान संस्थान और एचएमटी बैंगलोर द्वारा एमएचआई और डीएसटी (विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग) के समर्थन से रोबोटिक्स और विभिन्न प्रकार के ड्रोन के लिए उन्नत विनिर्माण और परीक्षण सुविधाओं के लिए स्थापित किया गया है। रील वर्तमान व्यावसायिक क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त करने और व्यावसायिक सहयोग, प्रौद्योगिकी और अवसरों का उपयोग करते हुए विविधता लाने के लिए तत्पर है।




## सहभागिता

### भारत सोलर कंपोनेंट एक्सपो 2024

रील ने 6 से 8 जुलाई 2024 तक राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, जयपुर में आयोजित भारत सोलर कंपोनेंट एक्सपो 2024 में भाग लिया। इस अवसर पर राजस्थान के माननीय उपमुख्यमंत्री श्री प्रेम चंद बैरवा जी ने रील के स्टॉल का उद्घाटन किया। डॉ. पी. एन. शर्मा ने उपमुख्यमंत्री को रील के उत्पादों, परियोजनाओं और राजस्थान के साथ–साथ देश में इसकी उपस्थिति के बारे में जानकारी दी। राजस्थान के उपमुख्यमंत्री ने सोलर एप्लीकेशन और सरकार द्वारा शुरू की गई परियोजनाओं में रील के योगदान की सराहना की।




एक्सपो के दौरान रील टीम



राजस्थान के उप मुख्यमंत्री रील स्टाल का उद्घाटन करते हुए

### गुजरात में तरनेतर मेले के दौरान रील के डेयरी उत्पादों का प्रदर्शन

कंपनी ने 06.09.2024 से 08.09.2024 के दौरान थानगढ़, जिलाः–सुरेन्द्रनगर में आयोजित तरनेतर मेले में भाग लिया, जिसका आयोजन पशुपालन विभाग, गांधीनगर द्वारा किया गया था। तरनेतर मेले के दौरान कंपनी के उत्पाद का ग्रामीण समाज के समक्ष सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया गया।



तरनेतर मेले के दौरान रील उत्पाद का प्रदर्शन

## डॉ. पी. एन. शर्मा को इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियर्स ( इंडिया ) द्वारा सम्मानित

रील के प्रबंध निदेशक डॉ. पी.एन. शर्मा को समाज के प्रति उनकी उत्कृष्ट इंजीनियरिंग सेवाओं के लिए स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) द्वारा सम्मानित किया गया है।





# स्टाफ गतिविधियां

## प्रशिक्षण

तिमाही के दौरान विभिन्न कार्यक्षेत्र पर आंतरिक और बाहरी स्तर पर कम्पनी कर्मचारियो के लिए कुल 12 प्रशिक्षण कार्य दिवस आयोजित किए गए।

इस दौरान निवारक सतर्कता अभियान (Preventive Vigilance Campaign), अग्रिम सतर्कता जागरूकता सप्ताह (Vigilance Awareness Week 2024) के तहत क्षमता निर्माण कार्यक्रम : खरीद प्रक्रिया और नीति (Procurement Process & Policies) पर जागरूकता एवं प्रशिक्षण सत्र का आयोजन, यौन उत्पीड़न की रोकथाम (Prevention of Sexual Harassment) एवं लिंग संवेदीकरण (Gender Sensitization) विषय पर परस्पर संवादात्मक सत्र (Interactive session) का आयोजन, हिन्दी पखवाड़ा (01 से 14 सितंबर 2024) के तहत "राजभाषा नीति एवं नियम और राजभाषा के प्रयोग में होने वाली सामान्य भूलें" विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

## पदोन्नति

कम्पनी में दिनांक 01 जुलाई 2024 को 20 कर्मचारियो को पदोन्नति दी गई जिसकी सूची निम्नप्रकार से है:–

- **श्री त्रिलोक नारायण नाग** – अभियंता के पद पर
- **श्रीमती रजनी पाराशर**– अधिकारी के पद पर
- **श्री जफर अली** – सहायक अधिकारी के पद पर
- **श्री रामेश्वर सिंह, श्री राजेंद्र सिंह धाकड़** – कनिष्ठ अभियंता-I के पद पर
- **श्री सुखी राम, श्री राम किशोर, श्री के. मुरुगेसन एवं श्री स्वरूप कुमार** – कनिष्ठ अभियंता-II के पद पर
- **श्री एन. कार्तिकेयन, श्री प्रहलाद कुमार पाराशर, श्री अरविंद कुमार शर्मा, श्री गोरे लाल, एवं श्री प्रमोद कुमार टेलर** – पर्यवेक्षक तकनीकी के पद पर
- **श्री घनश्याम तरमोलिया** – वरिष्ठ तकनीकी सहायक के पद पर
- **श्री अशोक कुमार टाइटर** – तकनीकी सहायक के पद पर
- **श्री विनोद कुमार, श्री राम मुकेश मीना, श्री ओम प्रकाश मेहरा** – तकनीशियन –"अ" के पद पर
- **श्री शैलेश कुमार टेलर** – कार्यालय सहायक के पद पर

***कम्पनी इन्हें बधाई एवं इनके करियर में निरंतर सफलताओं के लिए शुभकामनाएं देती है।***

## सेवानिवृत्ति

श्री राकेश चौपड़ा, प्रबन्ध निदेशक, संदर्भ संख्या–173, दिनांक 31 जुलाई 2024 को कम्पनी की सेवा से सेवानिवृत हुए। 38 वर्षो तक उन्होंने कम्पनी में ईमानदारी, लगन तथा मेहनत से कार्य किया व कम्पनी के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

श्री गिरिराज प्रसाद शर्मा, अभियंता, संदर्भ संख्या–50, दिनांक 31 जुलाई 2024 को कम्पनी की सेवा से सेवानिवृत हुए। 41 वर्षो तक उन्होंने कम्पनी में ईमानदारी, लगन तथा मेहनत से कार्य किया व कम्पनी के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

श्री ज्ञान चन्द जैन, अभियंता, संदर्भ संख्या–79, दिनांक 31 जुलाई 2024 को कम्पनी की सेवा से सेवानिवृत हुए। 40 वर्षो तक उन्होंने कम्पनी में ईमानदारी, लगन तथा मेहनत से कार्य किया व कम्पनी के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

श्री के. डी. गुप्ता, अभियंता, संदर्भ संख्या–102, दिनांक 31 जुलाई 2024 को कम्पनी की सेवा से सेवानिवृत हुए। 39 वर्षो तक उन्होंने कम्पनी में ईमानदारी, लगन तथा मेहनत से कार्य किया व कम्पनी के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

श्री हरी नारायण, वरिष्ठ मुख्य संचालक, संदर्भ संख्या–208, दिनांक 31 जुलाई 2024 को कम्पनी की सेवा से सेवानिवृत हुए। 35 वर्षो तक उन्होंने कम्पनी में ईमानदारी, लगन तथा मेहनत से कार्य किया व कम्पनी के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

श्री वी. ए. थम्पी, अभियंता, संदर्भ संख्या–170, दिनांक 31 अगस्त 2024 को कम्पनी की सेवा से सेवानिवृत हुए। 38 वर्षो तक उन्होंने कम्पनी में ईमानदारी, लगन तथा मेहनत से कार्य किया व कम्पनी के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

श्री सी. एस. रेड्डी, अभियंता, संदर्भ संख्या–172, दिनांक 31 अगस्त 2024 को कम्पनी की सेवा से सेवानिवृत हुए। 38 वर्षो तक उन्होंने कम्पनी में ईमानदारी, लगन तथा मेहनत से कार्य किया व कम्पनी के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

***कम्पनी उपरोक्त सभी सेवानिवृत कर्मचारियो को खुशहाल, स्वस्थ और समृद्ध जीवन के लिए शुभकामनाएं देती है।***


श्री राकेश चौपड़ा


श्री गिरिराज प्रसाद शर्मा


श्री ज्ञान चन्द जैन


श्री के. डी. गुप्ता


श्री हरी नारायण


श्री वी. ए. थम्पी एवं श्री सी. एस. रेड्डी

## एक पेड़ माँ के नाम अभियान

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर शुरू की गई पहल "एक पेड़ माँ के नाम" के तहत तथा ''वन महोत्सव'' सप्ताह के अवसर पर कंपनी में रील हाउस परिसर में माननीय प्रबंध निदेशक महोदय के मार्गदर्शन में सभी उपस्थित कंपनी कर्मचारियों द्वारा वृक्षारोपण किया गया। इसी क्रम में कंपनी द्वारा सितम्बर 2024 तक 200 पेड़ लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया।

## नशा मुक्तभारत अभियान

सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 78 वें स्वतन्त्रता दिवस समारोह के आयोजन के अवसर पर नशे के विरुद्ध देशव्यापी व्यापक शपथ दिलाये जाने के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार से प्राप्त दिशानिर्देशों के तहत कंपनी परिसर में सोमवार, दिनांक 12.08.2024 को प्रबंध निदेशक महोदय द्वारा सभी कर्मचारियों को नशा मुक्ति शपथ दिलाई जिसका सभी कर्मचारियों द्वारा अनुसरण किया गया।

## स्वतंत्रता दिवस समारोह

दिनांक15 अगस्त 2024 को कम्पनी परिसर में स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रबन्ध निदेशक, डॉ. पी. एन. शर्मा द्वारा कम्पनी परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। कार्यक्रम केआयोजन में कम्पनी कर्मचारियों व उनके परिवार के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## स्वच्छता पखवाड़ा ( 16.08.2024 से 31.08.2024 )

भारी उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार से प्राप्त दिशा निर्देशों के तहत कम्पनी परिसर में 16.08.2024 से 31.08.2024 तक स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया गया।

इस दौरान निम्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया :

1. स्वच्छता शपथ
2. बैनर एवं पोस्टर्स का प्रदर्शन
3. एकल प्रयोग प्लास्टिक (Single Use Plastic) पर जागरूकता अभियान
4. कम्पनी परिसर में स्थित पानी की टंकियों की सफाई
5. विभागों में स्वच्छता एवं सफाई
6. विभागों में फर्नीचर की मरम्मत
7. नारा प्रतियोगिता
8. शौचालयों का निरीक्षण एवं रखरखाव

## हिन्दी पखवाड़ा ( 01.09.2024 से 14.09.2024 )

हिन्दी दिवस (14 सितम्बर) मनाने के लिए कम्पनी में दिनांक 01 से 14 सितम्बर 2024 तक "हिन्दी पखवाड़ा" का आयोजन किया गया। इस दौरान निम्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया:-

1. **''विश्व भाषा की ओर हिन्दी के बढ़ते कदम'' विषय पर कम्पनी कर्मचारियों एवं ''देश के विकास में हिन्दी का योगदान'' विषय पर विधालयों के छात्र-छात्राओं के लिए निबन्ध प्रतियोगिता**
2. **हिन्दी गद्यांश सुधार प्रतियोगिता**
3. **हिन्दी व्याकरण प्रतियोगिता**
4. **हिन्दी कार्यशाला का आयोजन**









"हिन्द पखवाड़ा'' के दौरान उपरोक्त के अतिरिक्त राजभाषा विभाग द्वारा समय समयपर दिये गए निर्देशों की अनुपालना में कम्पनी के संबन्धित क्षेत्रीय कार्यालय, जो कि गैर हिन्दीभाषी क्षेत्र (बेंगलोर) में स्थित है, वहाँ पर निम्नलिखित प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया :

1. **हिन्दी काव्य पाठ प्रतियोगिता**
2. **हिन्दी अनुवाद प्रतियोगिता**
3. **हिन्दी नारा प्रतियोगिता**

## यौन उत्पीड़न की रोकथाम पर कार्यशालाः

उपक्रम में महिला कर्मचारियों के कल्याण को ध्यान में रखते हुये और यौन उत्पीड़न की रोकथाम (Prevention of Sexual Harassment) एवं लिंग संवेदीकरण (Gender Sensitization) विषय पर दिनांक 11.09.2024 को एक परस्पर संवादात्मक सत्र (Interactive session) का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण/कार्यशाला में 26 महिला कर्मचारीयों ने सत्र में उपस्थिति होकर इस आयोजन को सफल बनाने में योगदान दिया। इस कार्यक्रम में सुश्री दीपक कालरा, निदेशक उमंग एनजीओ जयपुर बतौर प्रमुख वक्ता शामिल हुई थी।

## राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा देश में दिनांक 01.10.2024 को "राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस" (National Voluntary Blood Donation Day) का आयोजन किया गया था। इस अभियान के लिए विषयवस्तु ''रक्तदान के 20 वर्ष पूरे होने का जश्न : रक्तदाताओं, आपका धन्यवाद (Celebrating 20 years of giving : Thank you, blood donors!) थी। कम्पनी परिसर में दिनांक 30.09.2024 को "रक्तदान शिविर" का आयोजन किया गया, कर्मचारियों द्वारा रक्तदान शिविर में भाग लेकर इस आयोजन को सफल बनाने में योगदान दिया।

## आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत ''हर घर तिरंगा'' का आयोजन

संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के तहत हमारे ध्वज को सम्मान देने के लिए 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम के आयोजन का आव्हान किया गया था।

इस अभियान के अंतर्गत सभीकर्मचारियों द्वारा हर घर तिरंगा कार्यक्रम के आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर तिरंगा झंडे फहराने और राष्ट्रीय ध्वज के साथ सेल्फी लेकर इसे वेबसाइट www.hargartiranga.com पर अपलोड किया गया।

## विश्वकर्मा पूजा

कंपनी परिसर के उत्पादन विभाग में 17.09.2024 को भगवान विश्वकर्मा जी की पूजा विधिविधान से संपन्न हुई जिस में प्रबंध निदेशक महोदय ने रील के सभी कर्मचारियों व उनके परिवारजनों को विश्वकर्मा जयंती की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए सभी के सहयोग के साथ कंपनी के उज्जवल भविष्य की कामना की।

उन्होंने सभी कर्मचारियों को एकजुट होकर काम केने के लिए प्रोत्साहित किया एवं कहा कि यदि हमें कंपनी को बड़े मुकाम पर पहुँचाना है तो हमारी manufacturing capability को बहुत मजबूत बनाना होगा ताकि हम स्वतंत्र बन सकें एवं अपने प्रॉफिट मार्जिन्स को बढ़ा सकें।



## नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (उपक्रम) जयपुर की 48वीं अर्धवार्षिक बैठक का आयोजन

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (उपक्रम) जयपुर की 48वीं अर्धवार्षिक बैठक का आयोजन दिनांक 28.08.2024 को राजस्थान इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड इन्स्ट्रूमेंट्स लिमिटेड (रील), जयपुर के संयोजन में सभागार, रील हाउस, शिप्रा पथ, मानसरोवर में किया गया। इस बैठक में 28 सदस्य उपक्रमों द्वारा भाग लिया गया।

इस बैठक में अध्यक्ष, नराकास (उ) जयपुर एवं प्रबन्ध निदेशक रील, जयपुर डॉ. पी.एन. शर्मा, उप निदेशक (कार्यान्वयन), राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय भारत सरकार, श्रीमान कुमार पाल शर्मा, अध्यक्ष (हिन्दी रा.का.स.) एवं महाप्रबंधक (इलेक्ट्रॉनिक्स) श्री नीरज सक्सेना, समन्वयक (हिन्दी रा.का.स.) एवं अति. महाप्रबंधक (का.एवं औ.सं.) श्री कमलेश सिंह, सचिव नराकास (उपक्रम) जयपुर एवं उप महाप्रबंधक (सूचना प्रौद्यौगिकी) श्री संदीप प्रेम उपस्थित थे।

इस अवसर पर डॉ. पी.एन. शर्मा, अध्यक्ष, नराकास (उ) जयपुर एवं प्रबन्ध निदेशक रील, जयपुर ने हिन्दी के बढ़ते प्रभाव को देखते हुये अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हो रहे प्रयासो की सराहना की। उन्होंने बताया कि आधुनिक तकनीक के माध्यम से अब कम्प्यूटर पर हिन्दी में कार्य करना सुगम हो गया है। इस अवसर पर उन्होने नराकास (उ) जयपुर के सभी सदस्य उपक्रमों के प्रमुखो से आव्हान किया कि वे अपने दैनिक कार्यालय कार्यो में हिन्दी का अधिक से अधिक उपयोग करने के लिए अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को प्रेरित करें जिससे हिन्दी का उत्तरोत्तर विकास हो सकें।

राजभाषा के महत्व पर जोर देते हुये अध्यक्ष, नराकास (उ) जयपुर ने बताया कि देश में एकता बनाए रखने के लिए राष्ट्र भाषा बेहद जरुरी है। राष्ट्र भाषा का उपयोग हम देश के किसी भी कोने में दूसरे लोगों से अपना तालमेल बढ़ाने के लिए कर सकते है। राष्ट्र भाषा हमे मानसिक सन्तोष की अनुभूति करवाती है।

हिंदी भाषा हमारे जीवन मूल्यों, संस्कृति एवं संस्कारों की सच्ची संवाहक, संप्रेषक और परिचायक भी है। उन्होने सभी संभव साधनों का उपयोग करते हुये राजभाषा के प्रगामी प्रयोग को बढ़ावा देने पर जोर दिया ताकि राजभाषा विभाग के द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को पूरा किया जा सकें। उन्होने यह भी बताया कि हिंदी सिर्फ एक भाषा नहीं है यह भारत की समृद्ध परंपराओं, रीति–रिवाजों और विरासत की वाहक के रूप में कार्य करती है। भारत की समृद्ध संस्कृति को संरक्षित करने और बढ़ावा देने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है, खासकर उन क्षेत्रों में जहाँ हिंदी प्राथमिक भाषा है। यह भाषा एक पुल के रूप में कार्य करती है जो भारत की विविध संस्कृतियों को एकजुट करती है और सामाजिक एकीकरण की भावना पैदा करती है।

बैठक में श्री कुमार पाल शर्मा ने नराकास (उ) जयपुर द्वारा राजभाषा हिन्दी के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुये सभी सदस्यों को राजभाषा के प्रगामी प्रयोग को और अधिक गति देने हेतु प्रेरित किया।

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति ( उपक्रम ) जयपुर की 48 वीं अर्धवार्षिक बैठक की कुछ झलकियां




**Editorial : Chief Editor - Mr. Neeraj Saxena, Editor - Ms. Loveena Babbar Email : insights@reil.co.in**

Quarterly Pragati Insights, Published by

**Rajasthan Electronics & Instruments Limited (REIL)**

"REIL HOUSE", Shipra Path, Mansarovar, Jaipur - 302020, Rajasthan (INDIA)

Tel : 91-141-2888511-14, 2940103 • E-mail : mdo@reiljp.com • Website : www.reiljp.com

Printed for Rajasthan Electronics & Instruments Limited by M/s. Laxmi Printers, Jaipur # 9829125258